प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 98/**2026** (अपील सूचना का अधिकार)

शांता उर्फ शान्ति पुत्री उदा कुलमी C/o नारायण कुलमी पताः कुलमियों का चौराहा, तहसील–वल्लभनगर, उदयपुर

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार वल्लभनगर, उदयपुर (राज.)

..................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 27/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि दिनांक 06.03.2026 को एक प्रार्थना पत्र प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर 2 बिन्दुओं की सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने से असंतुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र कमांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/98/26/610–11 दिनांक 30.04.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत प्रत्युत्तर शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार वल्लभनगर द्वारा जरिये पत्रांक आरटीआई/2026/27 दिनांक 11.05.2026 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय हाजा के द्वारा रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेज दी गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रत्यर्थी द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है। प्रत्यर्थी द्वारा इस कार्यालय में प्रस्तुत प्रत्युत्तर के विरूद्ध अपीलार्थी की ओर से कोई आपत्ति/प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है और ना ही अपीलार्थी सुनवाई के दौरान उपस्थित हुये। ऐसी स्थिति में यह माना जाना उचित होना कि प्रत्यर्थी द्वारा प्रेषित सूचना अपीलार्थी को प्राप्त हो गई है एवं वह अपीलार्थी द्वारा प्रेषित सूचना/जबाव से संतुष्ट है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति सहायक लोक सूचना तहसीलदार वल्लभनगर एवं अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित की जावें।

पत्रावली फैसल शुमार हो, बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

प्रथम अपील अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.05.27 19:25:32 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22502137
M e-Sign